## भक्ति भाव से निकली कावड़ पद यात्रा



**नवभारत न्यूज**

**राई।** बाबा रामेश्वर महादेव मंदिर ग्राम जमुनिया खुर्द से शिव भक्तों की भव्य पद कावड़ यात्रा गांव में भ्रमण करते हुए राई-खेड़ी, भामगढ, अमलपुरा, जावर, अटूट खास से ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी यहां पर शिव भक्तों के द्वारा जल अभिषेक किया जाएगा।

यात्रा में सम्मिलित शिव भक्त राहुल नायक ने बताया कि यहां कावड़ यात्रा का द्वितीय वर्ष है जो पूर्ण भक्ति भाव के साथ निकली है इस यात्रा में शिव भक्त पदयात्रा करते हुए चार दिनों में ओंकारेश्वर पहुंच कर ओंकारेश्वर मंदिर में जल अभिषेक करेंगे यात्रा के दौरान भव्य झांकी भी तैयार की गई है यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सहयोग मिल रहा है।

# तिरंगे के जयघोष से गूंजा शहर, युवा मोर्चा की अभिनंदन यात्रा में भारी भीड़

### नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सागर आरतानी बोले : पार्टी संगठन में सागर बनकर करूंगा काम

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सागर आरतानी एवं महामंत्री शुभम पटेल के पदभार ग्रहण के बाद शनिवार को शहर में भव्य अभिनंदन एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यात्रा की शुरुआत दादाजी मंदिर में दर्शन-पूजन से हुई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले युवा कार्यकर्ताओं के भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया।

**ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**-यात्रा दादाजी धाम, गौशाला शनि मंदिर, नगर निगम, घंटाघर, केवलराम, बस स्टैंड और इंद्र चौक होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंची। मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने साफा पहनाकर, पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और ढोल-नगाड़ों के साथ सागर आरतानी और शुभम पटेल का अभिनंदन किया।







**नेताओं ने कहा - युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़**-भाजपा कार्यालय में हुए समापन कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता यादव, विधायक छाया मोरे, नारायण पटेल सहित वरिष्ठ नेताओं ने नव पदाधिकारियों को बधाई दी।

नेताओं ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा पार्टी संगठन की रीढ़ है। चुनाव और संगठन के कार्यक्रमों में युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

**सागर आरतानी का बयान**-नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सागर आरतानी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि जिले की पूरी युवा शक्ति का सम्मान है। पार्टी संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर खरा उतरूंगा। पार्टी के कार्यक्रमों में सागर महासागर बनकर कार्य करूंगा।

**कार्यक्रम में रहे मौजूद**-कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, संतोष सोनी, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, अमर यादव, मुकेश तनवे, कपिल अनजने, मीडिया प्रभारी मंगलेश तोमर, आशीष राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अमीनेस जोशी ने किया।

# भगवा ध्वज का पूजन, संतों का आशीर्वाद लेकर निकली जय हिंदू राष्ट्र कांवड़ यात्रा

> ओंकारेश्वर से हजारों कांवड़िए खंडवा के लिए रवाना, 1 से 501 लीटर तक की कांवड़ों ने खींचा आकर्षण

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा/ओंकारेश्वर।** शनिवार सुबह ओंकारेश्वर में मां नर्मदा के पावन तट पर श्रद्धा और भक्ति का अलग ही नजारा देखने को मिला। 'जय हिंदू राष्ट्र कांवड़ यात्रा' में शामिल हजारों कांवड़िए भगवा वस्त्र धारण कर नर्मदा के विभिन्न घाटों पर पहुंचे। विधिवत पूजन-अर्चन और संतों का आशीर्वाद लेने के बाद कांवड़िए नर्मदा जल लेकर खंडवा की ओर रवाना हुए।समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महादेवगढ़ मंदिर संरक्षक अशोक पालीवाल के मार्गदर्शन में जय हिंदू राष्ट्र कांवड़ यात्रा तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर से पूजा अर्चना एवं संतों के आशीर्वाद के पश्चात रवाना हुई, यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर के गणेश नगर बस



स्टैंड से हुई। यहां सबसे पहले महादेवगढ़ मंदिर के पुजारी पंडित अश्विन खेड़े ने कांवड़ियों के साथ सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ कराया। इसके बाद भगवा ध्वज का पूजन और संत-ब्राह्मण पूजन किया गया।

**संतों ने कांवड़ियों को दिया आशीर्वाद**-कार्यक्रम में षट्दर्शन मंडल ओंकारेश्वर से श्री मंगलदास जी महाराज, महंत श्री रामदास जी महाराज और महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्याम चेतनपुरी जी महाराज मौजूद रहे। संतों ने कांवड़ियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वचन प्रदान किए। इसके बाद यात्रा में शामिल कांवड़ों का विधिवत पूजन किया गया। इस वर्ष यात्रा में 1 लीटर से लेकर 11, 21, 51, 101, 151 और 501 लीटर तक नर्मदा जल की कांवड़ शामिल हैं। आकर्षक रूप से सजाई गई कांवड़ें यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

**'युवा आगे आएं और मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने का लें संकल्प'**-महादेवगढ़ मंदिर के संरक्षक अशोक पालीवाल ने कांवड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ ही मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कांवड़ियों से आग्रह किया कि नर्मदा जल भगवान महादेव को अर्पित करने के बाद महादेवगढ़ में चल रहे श्री हनुमत शक्ति जागरण महाअनुष्ठान में हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से अपनी आहुति दें।

**छोटे बच्चों से बुजुर्ग तक यात्रा में शामिल**-समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कांवड़ यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा के सबसे आगे संदीप धोपे भगवा ध्वज लेकर चल रहे हैं। यात्रा में शामिल कांवड़ियों में उत्साह और धार्मिक आस्था का माहौल नजर आया। कांवड़ यात्रा के पूजन कार्यक्रम में संयोजक चाहत सिंह तोमर, संकेत जोशी, कुश पालीवाल, विशाल पासी, मनीष पालीवाल, अजय पटेल, शुभम पटेल, अजय राजपूत, महिपाल सिंह, गोलू सिसोदिया, आनंद पटेल और जितेंद्र गौड़ सहित अन्य पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आयुक्त संकेत भोंडवे ने किया खंडवा दौरा, हरियाली के लिए 25 हजार पौधों का रोपण

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को खंडवा का दौरा किया। उन्होंने हरित विकास, स्वच्छता, नगरीय अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की।

**हरित खंडवा पर फोकस**-आयुक्त ने नमोवन में 25 हजार पौधारोपण कराया। इसमें महिलाओं ने उनका स्वागत किया।उन्होंने ग्रीन कैडर बनाने, Bamboo Park, Single Plant Based Park और मियावाकी पद्धति से एक नगर-एक जंगल विकसित करने के निर्देश दिए।महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि नागरिक कभी भी नमोवन में पौधरोपण कर सकते हैं।



**निगम भवन से लेकर स्वच्छता तक निर्देश**-नवीन निगम भवन में वर्टिकल गार्डन, थीम आधारित कक्ष और रूफटॉप जिम बनाने को कहा। स्वीमिंग पूल की साफ-सफाई की सराहना की। लीगेसी वेस्ट के लिए 200 टन/घंटा क्षमता की मशीनें मंगाने और लापरवाह फर्म पर 10त्न जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। स्ट्रे डॉग्स के लिए जिला स्तरीय शेल्टर बनाने का प्रस्ताव भी रखा।

**परिवहन और पर्यटन**-पुराने बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन से जोड़ने और शहर में श्वङ्क चार्जिंग स्टेशन बनाने के निर्देश दिए। झीलोद्यान में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और दिव्यांग पार्क विकसित करने को कहा।

**जनविश्वास अभियान की बैठक**-कलेक्टर सभागार में हुई बैठक में PM SVANidhi, PMAY, कायाकल्प, जल-सीवरेज योजनाओं की समीक्षा हुई। आयुक्त ने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## सिंहस्थ-2028 की तैयारी- खंडवा पुलिस अब हार्टफुलनेस से करेगी तनाव मुक्त ड्यूटी



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के मद्देनजर खंडवा पुलिस बल को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनावमुक्त रखना और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना है। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण 1 जून 2026 से 26 दिसंबर 2026 तक निरंतर चलेगा। इसके तहत हर सप्ताह जिले के लगभग 5त्न पुलिस स्टाफ को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि संपूर्ण बल लाभान्वित हो सके।हार्टफुलनेस संस्था खंडवा केंद्र के प्रशिक्षक जीतेन्द्र वर्मा जितु , डॉ. अक्षत वर्मा, विवेक पाटीदार, श्रीमती स्मृति गौर और डॉ. भागवत लोखंडे द्वारा पुलिसकर्मियों को ध्यान और रिलैक्सेशन मानसिक शांति के लिए प्रार्थना सकारात्मक ऊर्जा के लिए आंतरिक सफाई (क्लीनिंग) तनाव और भारीपन दूर करने की वैज्ञानिक विधि का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को बताया जा रहा है कि कैसे इन सरल विधियों को दैनिक जीवन में अपनाकर वे बिना मानसिक दबाव, अधिक एकाग्रता और दक्षता के साथ ड्यूटी कर सकते हैं।

**आम जनता के लिए भी निःशुल्क**-प्रशिक्षक जीतेन्द्र वर्मा एवं समाजसेवी नारायण बाहेती, सुनील जैन ने खंडवा की आम जनता से अपील की है कि वे भी मानसिक शांति और तनावमुक्ति के लिए हार्टफुलनेस ध्यान अपनाएं। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। प्रशिक्षण में शामिल पुलिस अधिकारियों ने इसे जीवनोपयोगी और अत्यंत उपयोगी बताया है।

## पुष्पवर्षा-जयकारों से गूंजा इंदौर रोड, कांवड़ियों का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सावन माह में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। ग्राम टिठिया एवं बगमार से ओंकारेश्वर के लिए निकली भव्य कांवड़ यात्रा का इंदौर रोड पर विधायक कंचन मुकेश तनवे के प्रतिनिधि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश तनवे द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

पुष्पवर्षा कर किया स्वागत-इस दौरान 100 से अधिक कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कांवड़ियों को



फल एवं जलपान भी कराया गया। यात्रा में छोटे-छोटे बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया।

**दी शुभकामनाएं:** विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे जी ने सभी कांवड़ियों की मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और श्रद्धा से निकली यह कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की जीवंत मिसाल है। टिठिया से कांवड़ में गंगाजल लेकर निकले श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचकर भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर सतनाम सिंह होरा, बलदेव मौर्य, अरुण पटेल, दिलीप पटेल, यशदीप चोरे, अशोक पटेल, गुड्डु यादव, मुकेश यादव सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकास प्रस्फुटन समितियों का मासिक बैठक

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड खंडवा में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की एक दिवसीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन स्टार रोजगार प्रशिक्षण केंद्र खंडवा में किया गया।

शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय,सशक्त एवं प्रभावी बनाकर जनकल्याणकारी गतिविधियों में उनकी सहभागिता बढ़ाना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। जिला समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने समितियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की एवम शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में समितियों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया।

## फ्लोराइड युक्त पानी से दांत खराब, बच्चों को दी बचाव की जानकारी

**किल्लौद, खंडवा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत उमंग स्वास्थ्य केंद्र किल्लौद द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लौद में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।किल्लौद क्षेत्र के कुछ गांवों में अधिक फ्लोराइड युक्त पानी के कारण बच्चों में दांतों की समस्या बढ़ रही है। इसे देखते हुए उमंग काउंसलर संजय कुमार सिरसाटे ने बच्चों को डेंटल फ्लोरोसिस के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी।सत्र में बच्चों को



सुरक्षित पेयजल का उपयोग, नियमित दंत सफाई और समय-समय पर दंत जांच कराने की सलाह दी गई।काउंसलर ने बच्चों को मोबाइल एडिक्शन और रिलेशनशिप इश्यूज के मानसिक एवं शैक्षणिक दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। साथ ही इनसे बचने के उपाय सुझाए।विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र खरे ने विद्यार्थियों को मोबाइल का सीमित एवं सकारात्मक उपयोग करने तथा पढ़ाई और करियर पर ध्यान केंद्रित रखने की प्रेरणा दी।यह कार्यक्रम जिला समन्वयक महेश पवार एवं परियोजना समन्वयक जयप्रकाश पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दादूराम चौहान सर, भानुप्रिया तंवर और जगदीश कनौजे सर उपस्थित रहे।

## शिव महापुराण में पहुंचीं विधायक कंचन मुकेश तनवे

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे ग्राम सरई में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल होकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की तथा कथा का श्रवण कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

ग्रामवासियों ने विधायक तनवे के समक्ष मांगलिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थायी टीन शेड (टीन सेट) निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए विधायक तनवे ने टीन शेड निर्माण हेतु विधायक निधि से 15





लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। घोषणा होते ही उपस्थित ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामवासियों ने विधायक तनवे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस टीन शेड के निर्माण से विवाह, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न सामुदायिक आयोजनों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।अपने संबोधन में विधायक तनवे ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे और प्रत्येक गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं शिव महापुराण कथा में शामिल श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक कन्वे ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा उपलब्ध हूं।

# विकास के लिए महापौर अमृता अमर यादव की सक्रिय पहल, आयुक्त के सामने रखे करोड़ों के प्रस्ताव

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** शहर के विकास को गति देने और शासन स्तर पर लंबित महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने के लिए महापौर अमृता अमर यादव ने खंडवा पहुंचे नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे से मुलाकात कर खंडवा के विकास से जुड़े कई प्रस्ताव उनके सामने रखे। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर अमृता अमर यादव ने शहर के चोमौखी विकास के लिए ने विभिन्न परियोजनाओं की स्वीकृति एवं वित्तीय मंजूरी के लिए आयुक्त भोंडवे को पत्र सौंपकर शासन स्तर पर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया।



**पीपीपी मॉडल पर तीन बड़े प्रोजेक्ट**-महापौर ने नगर निगम की भूमि पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल से प्रस्तावित तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी देने की मांग की। इनमें 11 हेक्टेयर भूमि पर एकीकृत टाउनशिप, 44,672 वर्गमीटर भूमि पर खंडवा सेंट्रल मॉल और 2 हेक्टेयर भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किफायती आवास परियोजना शामिल है।

**23.05 करोड़ की तीन सड़कों के लिए वित्तीय मंजूरी मांगी**- शहर की यातायात व्यवस्था और सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने के लिए तीन प्रमुख सड़कों के लिए कुल 23.05 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति की मांग की गई है। इनमें शिवाजी चौक से जिला अस्पताल, घंटाघर, मुंबई बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन तक मार्ग। रामेश्वर पुलिया से बड़ा बम चौक होते हुए तीन पुलिया तक मार्ग।जलेबी चौक से धर्म कांटा तक सड़क निर्माण।महापौर अमृता यादव के अनुसार इन कार्यों की तकनीकी स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, जबकि वित्तीय स्वीकृति लंबित है।

**47.22 करोड़ से मजबूत होगी पेयजल व्यवस्था**- महापौर अमृता यादव ने बढ़ती आबादी और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए 47.22 करोड़ रुपए की अधोसंरचना स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया। इसमें नए जलस्रोत, क्लोरीनेशन सिस्टम, ओवरहेड टैंक, फीडर मेन लाइन और वितरण नेटवर्क के विस्तार जैसे कार्य शामिल हैं।

**अटल सरोवर और लाल चौकी फिल्टर प्लांट के लिए 7 करोड़**-शहर की जल शोधन क्षमता बढ़ाने के लिए अटल सरोवर जल शुद्धिकरण संयंत्र और लाल चौकी फिल्टर प्लांट के पुनर्निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति मांगी गई है। महापौर ने कहा कि इन संयंत्रों की क्षमता बढ़ने से शहर को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

**चौराहों का भी होगा विकास**- महापौर अमृता यादव ने सड़कों को सीसी रोड के रूप में विकसित करने के साथ ही प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था और अधोसंरचना विकास को भी योजना में शामिल करने का आग्रह किया। उनका कहना है कि सड़क निर्माण के साथ चौराहों का व्यवस्थित विकास शहर की सुंदरता और पहचान को भी बेहतर बनाएगा।

## ऑपरेशन खोज : दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

> मोघट रोड पुलिस की कार्रवाई, खरगोन से पकड़ाया एक आरोपी, 2 वारंट तामील

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन खोज के तहत मोघट रोड थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग प्रकरणों में फरार चल रहे 02 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

**ऐसे पकड़े गए आरोपी**-गिरफ्तार आरोपियों में प्रकाश पिता रमेश महर, निवासी दूध तलाई, हाल खरगोन और यूसुफ पिता अजीज, निवासी छीपा कॉलोनी, खंडवा शामिल हैं। दोनों के खिलाफ मारपीट के मामले में न्यायालय से स्थायी वारंट जारी थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर 02 स्थायी वारंट तामील किए हैं।

**टीम को मिली सफलता**-यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव बारंगे के निर्देशन में गठित टीम द्वारा की गई। टीम में प्रधान आरक्षक रफीक खान, आरक्षक अनुराग एवं अंकित शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में ऑपरेशन खोज लगातार जारी है। फरार स्थायी वारंटियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।